## राज्यपाल सचिवालय, बिहार
राजभवन, पटना–800022

### प्रेस विज्ञप्ति
**(विज्ञापन संख्या–01/2025)**

राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना में वाहन चालक के रिक्त पद पर स्थायी नियुक्ति हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किए जाते हैं:–

| क्र०सं० | पदनाम | वेतन स्तर |
|---|---|---|
| 01. | वाहन चालक | वेतन लेवल– 2 (19,900+नियमानुसार राज्य सरकार द्वारा निर्धारित अन्य अनुमान्य भत्ते) |

**कोटिवार रिक्तियों की संख्या निम्न है:–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(i)** | **गैर आरक्षित वर्ग** | – | **02** |
| **(ii)** | **आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग** | – | **01** |
| **(iii)** | **अत्यन्त पिछड़ा वर्ग** | – | **01** |
| **(iv)** | **अनुसूचित जाति** | – | **01** |
| **(v)** | **पिछड़े वर्गों की महिला** | – | **01** |
| | **कुल** | – | **06** |

अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र भरने हेतु निम्न शर्तें आवश्यक हैं:–

1. अभ्यर्थी का भारतीय नागरिक होना आवश्यक है।
2. **शैक्षणिक योग्यता:–**
   (i) उम्मीदवार की न्यूनतम शैक्षणिक अहर्त्ता मैट्रिक उत्तीर्ण अथवा समकक्ष होगी।
   (ii) वाहन चालन का उन्हें वैद्य लाईसेन्स प्राप्त रहना आवश्यक होगा।
   (iii) यातायात विनियमन की उन्हें अच्छी जानकारी रहना आवश्यक होगा।
   (vi) वाहन की उन्हें सामान्य जानकारी का रहना आवश्यक होगा।
   (v) उनका स्वस्थ्य रहना आवश्यक होगा।
3. **आयु:–** (i) उम्मीदवार की न्यूनतम आयु अठारह (18) वर्ष होगी और अधिकतम आयु सीमा वहीं होगी जो राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाय।
   (ii) राज्य सरकार के किसी कार्यालय में वाहन चालक के पद पर संविदा के आधार पर विधिवत नियोजित अभ्यर्थियों को नियुक्ति की अधिकतम उम्र सीमा में उक्त नियोजन की अवधि (अधिकतम पाँच वर्षों) तक की शिथिलता दी जा सकेगी।
   (iii) अभ्यर्थी की उम्र की गणना मैट्रिक अथवा समकक्ष परीक्षा के प्रमाण–पत्र में अंकित जन्म तिथि के आधार पर की जायेगी।

4. राजभवन, उच्च न्यायालय, मुख्यमंत्री सचिवालय एवं अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में अनुभव प्राप्त वाहन चालकों को अधिमानता (Weightage) दिया जायेगा।

5. स्क्रीनिंग समिति की अनुशंसा तथा साक्षात्कार के आधार पर नियुक्ति पत्र राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, बिहार, पटना द्वारा निर्गत किया जायेगा।

6. **शुल्क** : वाहन चालक के पद के लिए 1000/–रू० का डिमांड ड्राफ्ट जो निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, बिहार पटना के नाम से भुगतेय हो जो Non-refundable होगा।

7. **आवेदन भरने की अंतिम तिथि** :– विज्ञप्ति प्रकाशित होने के एक माह तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अपराह्न 06:00 बजे तक निश्चित रूप से निम्न पते पर भेजना सुनिश्चित किया जाय:–

प्रधान सचिव,<br>
राज्यपाल सचिवालय,<br>
पोस्ट–राजभवन, पटना।<br>
पिन कोड–800022

8. डाक विलम्ब के लिए यह सचिवालय जिम्मेवार नहीं होगा।

9. आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता/अनुभव प्रमाण पत्र/आवासीय प्रमाण पत्र/जाति प्रमाण पत्र/जन्म तिथि से संबंधित प्रमाण पत्र की स्व–अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक है।

10. नियुक्ति किये जाने वाले व्यक्ति के बीच एकरारनामा (Agreement) सम्पन्न किया जायेगा।

11. प्रेस विज्ञप्ति को संशोधित/रद्द करने का अधिकार राज्यपाल सचिवालय को होगा।

3.7.2025

**(रॉबर्ट० एल० चोंग्थू)**<br>
**राज्यपाल के प्रधान सचिव**

# आवेदन का विहित प्रपत्र

छाया प्रति

(पासपोर्ट आकार का)

1. आवेदक/आवेदिका का नाम :–.......................................................
2. आवेदक/आवेदिका के माता का नाम :–.......................................................
3. आवेदक/आवेदिका के पिता का नाम :–.......................................................
4. स्थायी पता :–.......................................................

.......................................................

.......................................................

.......................................................

5. पत्राचार का पता
(मोबाईल नं० के साथ) : –.......................................................

.......................................................

.......................................................

.......................................................

6. आधार संख्या :–.......................................................
7. जन्म तिथि :–.......................................................
8. वैवाहिक स्थिति :–.......................................................
9. दिनांक–01.08.2025 को उम्र :–.......................................................
10. कोटि :–.......................................................
(सामान्य/आर्थिक रूप से कमजोर/पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग/अनु० जाति/अनु० जनजाति)
11. शैक्षणिक योग्यता :– (मैट्रिक एवं इससे ऊपर)

| **क्र०सं०** | **परीक्षा का नाम** | **उत्तीर्णता का वर्ष** | **बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्था का नाम** | **प्राप्तांक एवं प्रतिशत** | **श्रेणी** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

12. ड्राईविंग लाइसेन्स संख्या/वैद्यता की तिथि:– .......................................................
13. तकनीकी/अन्य योग्यता
(प्रमाण पत्र संलग्न करें) :–.......................................................

.......................................................

14. अनुभव (अवधि के साथ)
(प्रमाण पत्र संलग्न करें) :–.......................................................

.......................................................

15. दो विनिर्धारकों का नाम(पता सहित) जो आवेदक को भली –भाँति पहचानता हो । :–.......................................................
:–.......................................................
:–.......................................................
16. उम्मीदवार का पहचान चिन्ह :– .......................................................

## घोषणा

मैं ............................ यह घोषणा करता/करती हूँ कि उपर्युक्त दी गई सारी जानकारी/सूचना सत्य है तथा इसे गलत पाये जाने पर मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।

तिथि :–

**(आवेदक का हस्ताक्षर)**